आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 27.08.2024 समय : 1905

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की ओर कदम बढ़ाया गया है।
- द्वीपसमूह में अगले महीने की एक तारीख से सातवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा।
- प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत स्थापित किए गए वर्तमान इकाईयों का विस्तार और इसमें सुधार के लिए वित्तीय सहयोग देने का प्रावधान किया गया है।
- पोर्ट ब्लेयर मे अगले महीने की दो तारीख से लेकर छः तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- द्वीपसमूह के कई भागों में भारी वर्षा हुई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की ओर कदम बढ़ाया गया है और इस ओर ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। विद्युत विभाग के निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के अलावा सभी कार्यालयों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है और सेकी निजी घरों में भी इसके इस्तेमाल के लिए शुरूआत में तीस हजार घरों के लिए टेंडर का काम शुरू कर दिया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अगले महीने की एक तारीख से सातवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। माह के दौरान कुपोषण को खत्म करने और इससे बचने के उपायों पर जागरूकता उत्पन्न करने के अलावा लक्षित समूह को अनुपूरक पोषाहार और अन्य आयामों की जानकारी दी जाएगी। समाज कल्याण विभाग ने पोषण माह में सभी से सहयोग देने और इसे जन–आंदोलन बनाने का अनुरोध किया है। सभी विभागों, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों और नागरिक समाज संगठनों के सहयोग से इस माह को कामयाब बनाया जा सकेगा।

इस बीच, विभाग की ओर से नशामुक्त भारत अभियान के तहत समाज को नशामुक्त बनाने के लिए गैर सरकारी संगठनों और अवकाश प्राप्त वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों से नामांकन आमंत्रित किया है। दो सितम्बर तक इच्छुक सभी संगठन और कर्मचारी समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर मेल के जरिए नामांकन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत स्थापित किए गए वर्तमान इकाईयों का विस्तार और इसमें सुधार के लिए वित्तीय सहयोग देने का प्रावधान किया गया है। ऐसी इकाईयां जिनका प्रदर्शन और लाभांश काफी बेहतर है, वे निर्माण इकाईयां स्थापित करने के लिए एक करोड़ रूपये तक की और वित्तीय सहायता, सेवा या कारोबारी गतिविधियां चलाने के लिए पच्चीस लाख रूपये तक की वित्तीय सहयोग पाने के हकदार है। ये सहयोग बैंकों के माध्यम से सरकार द्वारा पन्द्रह प्रतिशत की रियायत पर सभी श्रेणियों के लाभार्थियों को दिया जाएगा। परियोजनाओं के विस्तार या सुधार के लिए लाभार्थियों को दस प्रतिशत का योगदान देना होगा। वर्तमान की सभी इकाईयां जो योजना के तहत दूसरा ऋण लेना चाहते हैं, उन्हें खादी ग्रामोद्योग आयोग की पोर्टल पर जरूरी दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मिडिल प्वाइंट स्थित ज़िला उद्योग केन्द्र या खादी ग्रामोद्योग बोर्ड से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर मे अगले महीने की दो तारीख से लेकर छः तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। न्यायिक सदस्य उर्मिता दत्ता सेन और प्रशासनिक सदस्य सुचितो कुमार दास की खंड पीठ मामलों की सुनवाई करेंगी। नए आवेदन भी इसमें स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले कैट के समक्ष विचाराधीन है, उन्हें सरकारी वकील से दस्तावेजों के साथ संपर्क करने को कहा गया है। विभागाध्यक्षों से भी कहा गया है कि वे सुनवाई के दिन जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने नोडल अधिकारियों को कैट में उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में तीस अगस्त को भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। इस सिलसिले में कल आपदा प्रबंधन निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में दिन में दस बजे से टेबल टॉप अभ्यास का आयोजन होगा।

उधर, लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से सभी पुलिस थानों में मोटर साइकिल रैली निकाली गई। रैली के अलावा कई स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर समुदाय को बनावटी अभ्यास के बारे में जानकारी दी गई। इन्हें प्राकृतिक आपदाओं के समय सुरक्षित रहने के तरीकों की भी जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

ज़िला परिषद सदस्य आर. अलगर स्वामी ने बाराटांग के खाड़ी बस्ती निवासी वरहालक्ष्मी अम्मा के निधन पर शोक प्रकट किया है। वे उनसठ वर्ष की थी।

<><><><><><><>

गैर–सरकारी संगठन पंख की ओर से आत्मरक्षा और शारीरिक बल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयुष अस्पताल और जोगर्स पार्क में आयोजित इन कार्यशालाओं में समाज कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने इस कार्यशाला के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे महिलाएं आत्मरक्षा करने के लिए और प्रबल होगी। पंख की अध्यक्षा कोमल आनन्द ने इसके आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवार ऑफलाइन मोड पर इक्कतीस अगस्त तक आवेदन जमा कर सकते हैं। अस्थाई योग्यता सूची तीन सितम्बर को जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियां चार सितम्बर को स्वीकार किए जाएंगे। अंतिम वरीयता सूची पांच सितम्बर को जारी की जाएगी। प्रवेश के लिए परामर्श छः सितम्बर को निर्धारित किया गया है। आवेदन फार्म सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने हाल ही में जारी अपना परामर्श वापस लिया है, जिसमें खाद्य व्यवसायों को पैकेजिंग पर से ए–1 और ए–2 प्रकार के दूध तथा उससे बने उत्पादों के दावों को हटाने का निर्देश दिया गया था। अब खाद्य व्यवसायों के संचालक ए–1 और ए–2 प्रकार के दूध के दावों के साथ अपने उत्पादों का विपणन जारी रख सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में भारी वर्षा हुई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में एक सौ इक्कतीस मिलीमीटर, कार निकोबार में एक सौ उनतीस, हटबे एक सौ बीस दशमलव चार, ननकौड़ी में चौंसठ दशमलव सात, पोर्ट ब्लेयर में तीस दशमलव चार, लांग आइलैंड में चार और मायाबंदर में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के कई भागों में भारी से बहुत भारी वर्षा होगी। इस दौरान हवा की गति पचपन किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है। मछुआरों को इक्कतीस अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान कर्मचारी कल्याण संघ और प्रजापिता ब्रह्म कुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से पिछले दिनों आंतरिक शक्ति को मजबूत करने पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्यारी के सम्मेलन कक्ष मे आयोजित कार्यक्रम में ध्यान और योग के कई सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर ने दैनिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए ध्यान और योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

**<><><><><><><>**